पंचदश बिहार विधान सभा

षोडश सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचनायें बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-07.04.2015 के लिए अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, स०वि०स०	दिनांक 19.12.2014 को मुजफ्फरपुर शहर के कंपनी बाग स्थित मीना बाजार में भयानक अग्निकांड के कारण 160 दुकानें जलकर राख हो गई । 15 दमकलों की सहायता से 12-13 घंटे के बाद आग पर काबू पाया जा सका, तब तक सब कुछ स्वाहा हो चुका था । पीड़ितों को इसके लिए न तो मुआवजा दिया गया और न ही इस अग्निकांड की जाँच की गयी है । प्रभावित दुकानदारों के साथ मुजफ्फरपुर नगर निगम का व्यवहार भी अच्छा नहीं है क्योंकि नगर निगम उस स्थान पर बार-बार मॉल बनाने की योजना बनाता रहा है जिसे वर्ष 2009 में माननीय मुख्यमंत्री ने निरस्त भी कर दिया था । इन सबको देखते हुए घटना की निष्पक्ष जाँच आवश्यक प्रतीत होती है । अत: पीड़ित व्यक्तियों को समुचित मुआवजा देने एवं घटना की निष्पक्ष जाँच कराने की ओर मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ ।"	आपदा प्रबंधन

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
2.	श्री मनोहर प्रसाद सिंह, स०वि०स०	"कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत जंगलाटाल ग्राम पंचायत के राधे-माधे गाँव में बने उप स्वास्थ्य केन्द्र में न तो कोई चिकित्सक प्रतिनियुक्त हैं और न ए०एन०एम० जिसके कारण वहाँ के लोगों को चिकित्सा सम्बन्धी कोई सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है । अतः उक्त उप स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक, ए०एन०एम० को प्रतिनियुक्त कर जनता को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ ।"	स्वास्थ्य

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-17/15- 673 / वि०स०, पटना, दिनांक- 06 अप्रील, 2015 ई० ।

प्रति :- बिहार विधान सभा के सदस्यगण / मुख्य मंत्री / मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / कार्यकारी सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना / संसदीय कार्य विभाग / आपदा प्रबंधन विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

6/4/15
(भूषण कुमार झा)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-17/15- 673 / वि०स०, पटना, दिनांक- 06 अप्रील, 2015 ई० ।

प्रति :- उप सचिव, अध्यक्षीय कार्यालय / अपर आप्त सचिव, उपाध्यक्षीय कार्यालय / अवर सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

6/4/15
(भूषण कुमार झा)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

6/4/15